दीवार गिरने से आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त

जयपुर। ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में शनिवार सुबह एक दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार आजाद नगर कॉलोनी में सतसांई कॉलेज की साइड की दीवार शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे अचानक गिर गई।

दीवार से सटाकर पार्क किए गए कई वाहन मलबे से क्षतिग्रस्त हो गए। यह दीवार करीब बीस फीट ऊंची थी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मलबे से वाहनों को निकाल कर हटाया गया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सतसांई कॉलेज की दीवार सुबह अचानक वाहनों पर आ गिरी। जानकारी के अनुसार बारिश से दीवार की नींव में पानी भर गया। इससे दीवार ने जगह छोड़ दी। दीवार गिरने से दो कार, दो दोपहिया वाहन और एक ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।

सांगानेरी गेट पर महिला चिकित्सालय में लगी आग

धुएं के बीच फंसे 50 से ज्यादा महिला और बच्चों को निकाला

- पहली मंजिल पर बनी बायोकेमिस्ट्री लैब में आग लगने के बाद दूसरी और तीसरी मंजिल पर धुंआ फैल गया।
- आग से लैब में रखी दो मशीनें, जांच उपकरण, कंप्यूटर, फ्रीज, कई कागजात और सैंपल जल कर राख हो गए।
- दो दमकलों ने करीब तीन घंटे में आग पर काबू पाया।

जयपुर। राजधानी के लाल कोठी इलाके के सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में शनिवार सुबह साढ़े चार बजे भीषण आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल गया।

आग की सूचना मिलने पुलिस सहित घाटगेट से दो दमकल मौके पर पहुंची। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

वार्ड में धुएं के बीच पचास से ज्यादा महिला और बच्चे फंस गए, जिन्हें पुलिस सहित दमकल कर्मियों ने सकुशल बाहर निकाल कर दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया। प्रथम दृष्टा जांच में सामने आया की एसी में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई थी।

सहायक अग्निशमन अधिकारी आमेर घनश्याम ने बताया कि शनिवार तड़के सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में आग की सूचना मिली थी। इस पर घाटगेट से दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग अस्पताल की पहली मंजिल में बनी बायोकेमिस्ट्री लैब में एसी में शॉर्ट सर्किट होने के कारण लगी थी। आग की चपेट में आने से लैब में रखी दो मशीनें, जांच उपकरण सहित कई कागजात जल कर राख हो गए। पहली मंजिल पर लगी आग का धुआं अस्पताल की दूसरी और तीसरी मंजिल पर फैल गया।

इस दौरान पहली मंजिल पर बने जनरल वार्ड में करीब पचास से अधिक महिला और बच्चे मौजूद थे। सभी को दमकल कर्मचारियों ने निकाल कर ग्राउंड फ्लोर पर बने वार्ड में शिफ्ट किया। इस दौरान किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक पूरी लैब जलकर राख हो गई। इस लैब में बड़ी संख्या में महिला मरीजों के सैंपल थे, जो आग में जल गए। इसके साथ ही लैब में कंप्यूटर, फ्रीज व अन्य सभी सामान जल गया।

सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय की अधीक्षक आशा वर्मा ने बताया कि आग के कारण एक थायराइड जांचने की मशीन भी जल गई। आग के दौरान मरीजों को शिफ्ट करने की जरूरत नहीं थी। फिर भी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पहली मंजिल से ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट कर दिया गया है। एक ओटी को भी बंद कर दिया गया है। इसे फिर से सेनेटाइज कर जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा।

रिंग रोड सर्विस लाइन पर कार ने महिला को कुचला

जयपुर। राजधानी के मुहाना इलाके में रिंग रोड की सर्विस लाइन पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार बेकावू कार ने महिला का कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

भंम्भोरी गांव की 38 वर्षीय महिला गुलाब देवी पत्नी शंकर लाल बागड़ा अपने पीहर जा रही थी। मृतक गुलाब देवी मुहाना में सड़क किनारे खड़ी होकर अपने पिता को फ़ोन लगा रही थी। तभी तेज गति से आ रही कार ने महिला को कुचल दिया। इसके बाद मृतका के परिजनों ने मुहाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा कर बताया कि आरजे 14-2385 नंबर की गाड़ी तेज गति से आकर सड़क किनारे खड़ी गुलाब देवी को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। गुलाब देवी की दुर्घटना में मौत होने पर उनके साथ थोड़ी दूर खड़े बेटे रोहित ने हिम्मत दिखा कर अपनी मां को अस्पताल पहुंचाया और उसके बाद अपने पिता को मम्मी के देहांत हो जाने की बात कही।

सार-समाचार

गायत्री यज्ञ में श्रेष्ठ वर्षा की कामना की

जयपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से ज्येष्ठ पूर्णिमा पर शनिवार को गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के अंतर्गत 125 स्थानों पर हवन कराया गया। यज्ञ के ज्ञान विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित यज्ञ में करीब 11 हजार आहुतियां अर्पित की गई। गायत्री और महामृत्युंजय महामंत्र के अलावा प्रदेश में अच्छी वर्षा की कामना के साथ विशिष्ट मंत्रों से भी आहुतियां प्रदान की गई। गायत्री परिवार जयपुर उप जोन के समन्वयक सुशील कुमार शर्मा ने दुर्गापुरा स्थित गायत्री चेतना केन्द्र से यज्ञ का संचालन किया। गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल ने यज्ञ के बाद संबोधित करते हुए कहा कि सामूहिक रूप से किए गए यज्ञ और साधना का प्रभाव बहुत अधिक होता है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन और राष्ट्र को सशक्त-समर्थ बनाने के लिए सामूहिक यज्ञों का सतत आयोजन होना चाहिए। यज्ञ की पूर्णाहुति में पेड़ लगाने का संकल्प कराया गया। गायत्री यज्ञ का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ वाटिका, गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, वेदना निवारण केन्द्र, गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ सहित सभी चेतना केन्द्रों, प्रज्ञा केन्द्रों और राजधानी की प्राय: हर कॉलोनी में किया गया। उल्लेखनीय कि गायत्री परिवार की ओर से हर पूर्णिमा का ऑनलाइन यज्ञ किया जाता है।

देसी कट्टा सहित बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन (आग) के तहत ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने वाले आरोपित रवि बंजारा को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपित के पास से एक देसी कट्टा बरामद किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) चलाया जा रहा है। इसके तहत सीएसटी ने ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार रखने वाले आरोपित रवि बंजारा निवासी बामनवास जिला सवाई माधोपुर हाल आजाद नगर जवाहर नगर कच्ची जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध हथियार एक देसी कट्टा जब्त किया है। पुलिस आरोपी से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

साढ़े तीन करोड़ का डोडा पोस्त पकड़ा

जयपुर। चित्रकूट थाना पुलिस ने साढ़े तीन करोड़ रुपए से ज्यादा के डोडा पोस्त से भरा ट्रक पकड़ा है। पुलिस ने इस मामले में ट्रक चालक को अरेस्ट किया, जबकि तस्कर का एक साथी मौका देखकर ट्रक से कूदकर भाग निकला। पुलिस के अनुसार जयपुर कमिश्नरेट पुलिस लगातार तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर एक ट्रक को रुकवाया तो एक युवक कूदकर भाग निकला, जबकि चालक को पुलिस ने पकड़ लिया। जांच की तो उसमें डोडा पोस्त भरा मिला। ट्रक में करीब 12 क्विटल डोडा पोस्त बोरियों में भरा मिला। इसकी कीमत करीब 3.60 करोड़ रुपए बताई जा रही है। चालक चित्तौड़गढ़ से ट्रक लेकर आ रहा था। पुलिस चालक से पूछताछ करने में जुटी है।

11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज

जयपुर। मुरलीपुरा के विकासनगर विस्तार, दादी का फाटक स्थित मंदिर राधा कृष्ण मंदिर में आज रविवार, 23 जून को सुबह सात बजे से सालासर बालाजी धाम के महंत विष्णु महाराज के सान्निध्य में गौ रक्षार्थ ग्यारह कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मनु महाराज ने बताया कि गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा की ओर से गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में में होने वाले महायज्ञ में गायों को बचाने के लिए विशेष आहुतियां प्रदान की जाएंगी। हवन में देसी नस्ल के गाय का घी और गोकाष्ठ का उपयोग किया जाएगा। यज्ञ की पूर्णाहुति में गो उत्पादों का प्रयोग करने का संकल्प कराया जाएगा। बच्चों को गायत्री मंत्र लेखन पुस्तिका भेंट की जाएगी। इस मौके पर मंदिर परिसर में नशा मुक्ति प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। श्रद्धालुओं को सालासर बालाजी मंदिर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इससे पूर्व शनिवार को सुबह मंदिर परिसर में श्रमदान किया गया। शाम को मंदिर परिसर में महाआरती हुई। सैंकड़ों दीयों की जगमगाहट से मंदिर दीपावली की तरह जगमगा उठा।

ऋषभदेव का गर्भ कल्याणक आज

जयपुर। जैन धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का गर्भ कल्याणक रविवार को भक्तिभाव से मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन किए जाएंगे। सुबह अभिषेक और शांतिधारा के बाद भगवान ऋषभदेव की पूजा की जाएगी। गर्भ कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अघ्र्य अर्पित किया जाएगा। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आगरा रोड पर पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियों का रास्ता स्थित दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, दिगम्बर जैन मंदिर जीऊबाईजी, सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, मानसरोवर के मीरा मार्ग, मनिहारों का रास्ता स्थित बड़ा दीवान जी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। गुरुवार, 27 जून को बारहवें तीर्थंकर भगवान वासूपूज्य का गर्भ कल्याणक एवं तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा।

पथराव करने वाले पांच लोग गिरफ्तार किये

- संजय सर्किल में चांदपोल स्थित माली कॉलोनी में दो समुदायों में हुए पथराव के बाद शनिवार को सन्नाटा पसरा रहा।
- दिन भर पुलिसकर्मी गश्त लगाते हुए नजर आए।

जयपुर। राजधानी के संजय सर्किल में चांदपोल स्थित माली कॉलोनी में दो समुदायों में हुए पथराव के बाद शनिवार को सन्नाटा पसरा रहा। इलाके में पथराव के बाद पुलिस जाब्ता तैनात रहा। दिन भर पुलिसकर्मी गश्त लगाते हुए नजर आए। इस दौरान पुलिस ने पथराव करने वाले पांच लोगों को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाल रही है ताकि पथराव करने वाले लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

थानाप्रभारी अनिल यादव ने बताया कि पथराव करने के मामले में माली कॉलोनी निवासी सलमान, शाहरूख और मोहसीन और दूसरे पक्ष से हर्ष अग्रवाल और भानु सैनी को गिरफ्तार किया हैं।

गौरतलब है कि माली कॉलोनी निवासी गौतम अग्रवाल और उसका भाई हर्ष अग्रवाल सीकर हाउस स्थित दुकान से माल लेकर घर आ रहे थे। इसी दौरान समुदाय विशेष के लोगों से मामूली कहासुनी के बाद झगड़ा शुरू हो गया। झगड़े की सुनकर दोनों तरफ से लोग आ गए और पथराव शुरू हो गया। जानकारी मिलने पर संजय सर्किल, कोतवाली, माणक चौक और सुभाष चौक थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद स्थिति को काबू की गई। वहीं दूसरे पक्ष से माली कॉलोनी निवासी अजहर ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि छोटे बच्चों में कहासुनी के बाद हम पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव में तीन चार लोगों के चोट आई थी। घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने तहकीकात करने के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

सीतारामजी ने किया जल विहार

जयपुर। छोटी चौपड़ स्थित सीतारामजी मंदिर में शनिवार को जल विहार उत्सव मनाया गया। ठाकुरजी को दो घंटे तक जल विहार कराया गया। श्रृंगार कर फूल बंगला झांकी सजाई गई। विराजमान किया जाएगा एवं जल विहार यात्रा कराई जाएगी। मंदिर महंत नंदकिशोर महाराज ने बताया कि जल विहार यात्रा के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

करीब एक हजार बदमाशों के ठिकानों पर दबिश मारी

जयपुर पुलिस ने सुबह पांच बजे बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया

- अभियान में 475 अपराधियों को पूछताछ के लिए थाने लाया और इनमे से 393 अपराधियों को गिरफ्तार किया।

जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम अभियान के दौरान हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर, गैंग, अपराधियों को पूछताछ के लिए थाने लायी।

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने जयपुर शहर में दहशतगर्दी-आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ शनिवार की अलसुबह गिरफ्तारी और तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर, गैंग, अपराधियों एवं सक्रिय 996 अपराधियों को चिन्हित कर उनके ठिकानों एवं निवास पर दबिश दी गई। इस विशेष अभियान में 475 अपराधियों को पूछताछ के लिए थाने लाया और इनमे से 393 अपराधियों को गिरफ्तार किया।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर शहर में ऐसे अपराधी जो अवैध मादक पदार्थ गांजा, स्मैक, अफीम, भांग आदि मादक पदार्थों की तस्करी करते है और इलाके में दहशतगर्दी एवं आपराधिक वारदातों को अंजाम देते है। इस प्रकार के अपराधी गली, मोहल्लों, आस-पास के क्षेत्र तथा शहर में भय का माहौल व्याप्त करते है। जो गंभीर अपराध करते है उनकी आपराधिक गतिविधियों में लगाम लगाने के लिये एवं उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने के लिये शनिवार की अलसुबह विशेष अभियान चला कर 996 अपराधियों के ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की गयी। यह कार्रवाई अति गोपनीय और व्यवस्थित तरीके से की गयी। जिससे अपराधी एक दूसरे को सतर्क न कर सकें। गिरफ्तार किये गये व्यक्तियों की संख्या 393 है। जिसमें एनडीपीएस एक्ट में 1, आबकारी अधिनियम में 23, आर्म्स एक्ट में 1, अन्य एक्ट में 3 प्रकरण दर्ज, धारा 151 सीआरपीसी में 297, धारा 110 सीआरपीसी में 5, धारा 107/116 सीआरपीसी में 11, स्थाई, गिरफ्तारी वारंटों में 26 एवं पूर्व के प्रकरणों में वांछित 26 अपराधियों को गिरफ्तार किया एवं 9 वाहन जब्त किये गये।

जयपुर पुलिस कमिश्नर ने बतया कि शहर में भारी भरकम पुलिस जाप्ते के साथ जयपुर शहर में सक्रिय अपराधियों के ठिकानों पर दी गयी दबिश के कारण शहर भर के अपराधियों में खौफ पैदा हुआ है। इस अभियान में पकडे अपराधियों से पुलिस अभी पूछताछ कर रही है जिससे और भी वारदातों के खुलासे व फरार अपराधियों की गिरफ्तारी की संभावना है।

लॉक तोड़कर लग्जरी वाहन चुराने वाला गिरफ्तार

जयपुर। राजधानी की शिप्रापथ थाना पुलिस ने लॉक तोड़कर लग्जरी वाहन चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर तीन महीने में जयपुर शहर के अलग-अलग जगहों से पांच लग्जरी गाड़ियां चुराना स्वीकार किया है। आरोपी आदतन अपराधी है और उसके जयपुर शहर व अन्य जिलों और राज्यों में लूट, मारपीट, चोरी के दो दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। डीसीपी (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनीष सोलंकी (34) सांगानेर सदर का रहने वाला है। आरोपी अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने का आदतन अपराधी है। वह चोरी की गई गाड़ी को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में काम में लेता है। आरोपी चोरी की गाड़ियों को तस्करों को बेच देता है। वह पहले गाड़ी की रैकी करता है और बाद में चोरी की वारदात को अंजाम देकर जयपुर से बाहर निकल जाता है। आरोपी वारदात के बाद मुख्य रास्तों को छोड़कर गलियों से होते हुए जयपुर से बाहर निकल जाता है। थानाप्रभारी अमित शर्मा ने बताया कि 6 जून को 10 बी स्कीम गोपालपुरा निवासी अनंत खण्डेलवाल की लग्जरी कार चोरी हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गाड़ियों की रैकी करने के बाद गलियों के रास्तों से ले जाकर सुनसान जगह पर खड़ी कर देते थे। दूसरे दिन सुबह वहां से ले जाकर जोधपुर, चित्तौड़गढ़ में तस्करी करने वालों को कम दामों में बेच देते थे।

पूर्णिमा पर रही दान-पुण्य की धूम

जयपुर। ज्येष्ठ पूर्णिमा पर शनिवार को छोटीकाशी में दान-पुण्य का जोर रहा। शुक्ल योग और ब्रह्म योग में आई पूर्णिमा तिथि पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की।

अक्षय फल प्राप्ति के लिए श्रद्धालुओं ने मंदिरों और गोशालाओं में दान-पुण्य किया जाता है। मंदिरों में ठाकुरजी को धवल पोशाक धारण कराकर सफेद व्यंजनों का भोग लगाया गया। सफेद पुष्पों से ठाकुरजी का श्रृंगार किया गया। सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ सरस निकुंज में ठाकुर राधा सरस बिहारी सरकार का धवल श्रृंगार किया गया।

नीम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

जयपुर। नींदड-बैनाड़ रेलवे स्टेशन के पास शनिवार सुबह नीम के पेड़ से एक युवक का शव लटका मिला। सुबह घूमने आए लोगों ने घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर अस्पताल में रखवाया। फिलहाल युवक के आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

पुलिस के अनुसार शिव शक्ति कॉलोनी बोयतावाला निवासी 29 वर्षीय विनोद पुत्र प्रकाशचंद का शव शनिवार सुबह 6 बजे नींदड-बैनाड़ रेलवे स्टेशन के पास नीम के पेड से लटका मिला। विनोद ने मफलर से फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक अविवाहित था और लम्बे समय से काम की तलाश कर रहा था। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस ने बताया कि विनोद के आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने पूछताछ में बताया कि विनोद रात को खाना खाकर 10 बजे सोया था और शनिवार सुबह उसका शव पेड़ से लटका मिला। घटना स्थल विनोद के घर से कुछ ही दूरी पर है।

रॉड से हमला कर चार बाल अपचारियों को घायल किया

जयपुर। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बाल सुधार गृह में सजा काट रहे एक बाल अपचारी ने अपने चार साथियों पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में चारों बाल अपचारियों के हाथ, सिर, शरीर व अन्य स्थानों पर चोट आई। घटना के सम्बंध में घायल एक बाल अपचारी ने ट्रांसपोर्ट नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार एक बाल अपचारी ने 21 जून की सुबह गार्ड से गेट खुलवा कर बाहर से लोहे की रॉड लेकर आया और बैरक में सो रहे चार बाल अपचारियों पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। इससे चारों को चोट आई है। शोर सुनकर बाल सुधार गृह के कर्मचारी और गार्ड मौके पर पहुंचे और हमलावर को पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चारों को छुट्टी दे दी गई। बताया जा रहा है कि हमलावर व घायल बाल अपचारी के बीच पहले किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। तब बाल अपचारी को समझा-बुझाकर शांत कर दिया गया था।

बदमाशों ने दो महिलाओं के गले से तोड़ी चेन

जयपुर। शहर के बनीपार्क इलाके में बाइक सवार बदमाश दो महिलाओं के गले से सोने की चेन तोड़कर ले गए। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार बनीपार्क निवासी नीता तेमानी ने मामला दर्ज करवाया कि वह मीरा मार्ग चौराहे पर किसी काम से गई थी। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार बदमाश आया और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गया। बदमाश ने मुहं पर कपड़ा बांधने के साथ हेलमेट पहना हुआ था। पीड़िता इस मामले में कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के पहले दिन रायपुर में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राजस्थान को आवंटित कोल ब्लॉक्स पारसा ईस्ट और कांता बासन (पीईकेबी), परसा तथा केंते एक्सटेंशन से कोयला खनन में आ रही बाधाओं को दूर करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। इस पर साय ने आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही को यथाशीघ्र पूर्ण कर इसे उत्पादन निगम को हस्तांतरित करने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के प्रश्न व उत्तरकुंजी 27 जून को होगी जारी

जयपुर। कांस्टेबल भर्ती-2023 के अंतर्गत 13 व 14 जून को संपन्न हुई कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के प्रश्न व उत्तर पर परीक्षार्थी निर्धारित शुल्क के साथ 27 जून रात से 29 जून तक ऑनलाइन आपत्ति विभाग की वेबसाइट पर मानक व प्रमाणित दस्तावेजों के साथ दर्ज करवा सकते है। परीक्षा के प्रश्न पत्र एवं उत्तर कुंजी 27 जून को पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड सचिन मित्तल ने बताया कि 13 व 14 जून को सम्पन्न हुई कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के प्रश्न पत्रों तथा इनकी उत्तर कुंजी पुलिस विभाग की वैबसाईटपर 27 जून को जारी की जावेगी। परीक्षार्थी 27 जून रात 12 बजकर एक मिनट से 29 जून समय 11 बजकर 59 मिनट तक ऑन-लाईन आपत्ति विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध करावा सकते है। प्रश्न पत्र एवं उसका उत्तर देखकर सम्बन्धित दस्तावेज के साथ दर्ज करवा सकते है। पुलिस विभाग द्वारा प्रत्येक आपत्ति का शुल्क 50 रुपये निर्धारित किया गया है।

जिला परिषद की साधारण सभा में उठे आमजन से जुड़े मुद्दे

- बैठक में जनप्रतिनिधियों ने बिजली, पानी, सड़क निर्माण जैसे आमजन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

जिला परिषद सभागार में जिला प्रमुख रमा देवी की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक हुई।

जयपुर, (कासं)। जिला परिषद सभागार में शनिवार ,22 जून को जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक हुई। जिला प्रमुख रमा देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों ने बिजली, पानी, सड़क निर्माण जैसे आमजन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी दी साथ ही, विकास कार्यों में आ रही परेशानियों को लेकर विभागीय अधिकारियों से भी चर्चा की। बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन, महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024-25 का अनुमोदन, पट्टा पत्रावलियों का अनुमोदन किया गया। साथ ही वाटरशेड प्रबंधंन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं राजीव गांधी जल संचयन के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का अनुमोदन किया गया।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने बिजली कटौती, बिजली के झूलते तारों, लंबित बिजली कनेक्शन आवेदनों, कृषि कनेक्शन, जल जीवन मिशन में पानी के कनेक्शनों , स्पीड ब्रेकर बनाने, सड़क निर्माण सहित कई मुद्दे उठाए। जिस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को यथा स्थिति से अवगत करवाया।

बैठक में सांसद राव राजेंद्र सिंह,विधायक मनीष यादव, महेन्द्र मीणा, डॉ. शिखा मील बराला, रामावतार बैरवा, उप जिला प्रमुख मोहन लाल डागर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम)सुरेश कुमार नवल , अतिरिक्त जिला कलक्टर राजकुमार कसवां, सहित पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।